**प्रस्ताव का नाम—जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र अल्मोड़ा के अन्तर्गत कोसी दौलाघट मोटर मार्ग से धौतीगाड़—पंचगॉव—स्यूरा लिंक रोड मोटर मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 6.00 कि0मी0**

संलग्नक सं0—2.1

## प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एव आवश्यकता

यह मोटर मार्ग पूर्व निर्मित कोसी दौलाघट मोटर मार्ग से प्रस्तावित किया गया है। इस मोटर मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 6096 / III(2) / 15–37(प्रा0आ0) / 2015 दि0 18 अगस्त .2015 के द्वारा 6.00 कि0मी की लम्बाई हेतु रू 23.98 लाख की स्वीकृति प्राप्त है। उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग वन पंचायत भूमि, सिविल बेनाप भूमि व नाप भूमि से होकर गुजरता है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से पंचगॉव, स्यूरा एवं बड़सीमी आदि ग्रामों के ग्रामवासी लाभान्वित होगे। इन ग्रामों में कोई भी मोटर मार्ग न होने के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई कि0मी0 तक पैदल चलकर स्थानीय लोग रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरा करते है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों को अस्पताल, बाजार व स्थानीय उत्पादों को बाजार पहुॅचाने व यातायात की सुविधा प्राप्त होगी। इन ग्रामों मे कोई मोटर मार्ग न होने के कारण स्थानीय लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों का पलायन रूकेगा व स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रस्तावित मोटर मार्ग के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोग काफी लाभान्वित होंगे। अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित मार्ग उपयुक्त है।

**संरेखण न0—1(लाल रंग से):—** इस संरेखण को नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया है। यह संरेखन कोसी दौलाघट मोटर मार्ग इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में वन पंचायत भूमि, सिविल वन भूमि एवं नाप भूमि प्रभावित होती है। इस संरेखण में ग्राम—पंचगॉव, स्यूरा, बड़सीमी के ग्रामवासी लाभान्वित होते हैं। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 6.00 कि0मी0 आती है।

**संरेखण न0—2(नीले रंग से):—** इस संरेखण को नक्शे में नीले रंग से दर्शाया गया है। यह संरेखन कोसी दौलाघट मोटर मार्ग इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में वन पंचायत भूमि, सिविल वन भूमि एवं नाप भूमि प्रभावित होती है। इस संरेखण में ग्राम—पंचगॉव, स्यूरा, बड़सीमी के ग्रामवासी लाभान्वित होते हैं। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 6.00 कि0मी0 आती है।

इस संरेखण में नाप भूमि व वन भूमि अधिक प्रभावित हो रही है। जिसे मोटर मार्ग हेतु दिये जाने में स्थानीय जनता द्वारा आपत्ति की जा रही है। एवं संरेखन में अधिक वृक्ष प्रभावित हो रहे है। जिस कारण संरेखण सं0 2 को निरस्त किया गया।

अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता, ढाल न्यूनतम वृक्षों की क्षति तथा आर्थिक व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुऐ संरेखण सं0 1(लाल रंग से) उपयुक्त पाया गया है इसी संरेखण पर मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। तद्नुसार ही वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन किया गया है। अतः लो0नि0वि0 के पक्ष में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रस्तुत है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अमीन<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा | कनिष्ठ अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा | सहायक अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा | अधिशासी अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा |